



## खबर संक्षेप

### जूटमिल की बदनामी निगम में जमा की राशि

**रायगढ़।** नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रॉपर्टी, वाटर टैक्स एवं यूजर चार्ज वसूली अभियान का असर अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। निगम की सख्ती और लगातार की जा रही कार्रवाई के चलते जूटमिल प्रबंधन समिति सहित दर्जनभर से अधिक बड़े बकायेदारों ने आगे आकर अपना बकाया संपत्ति कर जमा किया है। जूटमिल प्रबंधन द्वारा 26 लाख 38 हजार 418 रुपए जमा की गई।

### पुलिस ने किया दो सटोरियों को गिफ्तार



**रायगढ़।** धरमजयगढ़ एवं कोतवाली पुलिस द्वारा दो सटोरिया गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। धरमजयगढ़ पुलिस ने मस्जिदपारा के पीछे रहने वाला विरेन्द्र मिश्रा अपने मोबाइल फोन के माध्यम से व्हाट्सएप पर ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक सीताराम की टीम ने दबिश दी, जहां आरोपी विरेन्द्र मिश्रा 36 पिता टिकादत्त मिश्रा को मोबाइल में सट्टा लिखते पकड़ा गया। पूछताछ में उसने मोबाइल एवं फोन पे के माध्यम से सट्टा खिलाना स्वीकार किया। इसी तरह कोतवाली पुलिस को श्यामलाल भास्कर अपने मोबाइल के माध्यम से सट्टा पट्टी लिखने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर श्यामलाल भास्कर 55 पिता राम प्रसाद भास्कर ढिमरापुर को मोबाइल में व्हाट्सएप के जरिए सट्टा संचालित करते पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने सहनावाज मालिक उर्फ सानु के माध्यम से कमीशन के लिए सट्टा संचालित करना स्वीकार किया। आरोपी से एक मोबाइल और नकद जब्त की गई है। धारा 6,क, 7,1 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार आरोपी श्यामलाल भास्कर को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी सहनावाज मालिक उर्फ सानु फरार है।

### 71 हितग्राहियों को वितरित किया गया पशु आहार

**सारंगढ़।** पशुधन विकास विभाग की मादा वत्स उन्नत मादा पालन पोषण योजना के तहत विकासखंड सारंगढ़ के 11 हितग्राहियों को जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डे के द्वारा उप संचालक पशुधन डॉ महेंद्र पाण्डेय की अगुवाई में काफ ग्रोवर दाना राशन प्रदान किया गया एवं पूरे जिले में 71 हितग्राहियों को काफ ग्रोवर पशु आहार वितरण किया गया है, जिससे इस जिले के हितग्राहियों में अति उत्साह है एवं प्रत्येक हितग्राहियों को 11 बोरा 23 किलो दाना दिया गया। पशु विभाग के इस कार्य से आम जनता में उत्साह है। इसी तरह का कार्यक्रम बिलाईगढ़ ब्लॉक में कृषि स्थायी समिति सभापति सोनी टंडन एवं समिति के सदस्यों के द्वारा 5 ओबीसी और 5 अनुसूचित जाति हितग्राहियों को कैल्फ ग्रोवर फीड का वितरण किया गया।

### किसी टिकरा में बीस तो किसी में लगाते थे अफीम के पचास पौधे

# काढ़ा बनाकर करते हैं उपयोग, बदन दर्द भगाने दादा-परदादा भी करते थे उपयोग







हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दादा-परदादा के समय से ही अफीम का सेवन गांव के लोग करते आ रहे हैं। इसे काढ़ा बनाकर चाय की तरह सेवन करते हैं। इससे बदन दर्द से राहत मिलती है। साथ ही कुछ नशे जैसा सुरुर भी लगता है। इसका सेवन सालों से करते आ रहे हें। इसके लिए कोई दस तो कोई बीस पौधा लगाता है।

यह जानकारी तब मिली जब लैलूंगा ब्लॉक के घटगांव और मुड़ागांव में तीन ग्रामीणों के खेत में अफीम फसल का खुलासा हुआ। ग्रामीणों से चर्चा की गई तो बताया कि इसकी कीमत इतनी अधिक होती है यह उनकी जानकारी में नहीं है। उनके दादा-परदादा भी इसका सेवन करते थे और उन्हीं की प्रेरणा से वे भी सेवन करते हैं। इसका बीज कई दुकानों में मिलती है, लेकिन अधिकांश लोग खुद रखे रहते हैं। खरीफ सीजन के बाद जब रबी सीजन लगता है तो अक्टूबर-नवंबर के आसपास इसे लगाया जाता है। 120-150 दिन में यह फसल तैयार हो जाता है। इसके बाद कटाई करके घर में ही सूखा कर रख लेते हैं। सुबह या शाम को इसका काढ़ा बनाकर चाय की भांति पी लेते हैं। ग्रामीणों की बातों में कितनी सच्चाई है यह तस्दीक का मसला है, लेकिन उनके रहन-सहन, खेती किसानी के तौर-तरीके देखकर अधिकारी भी कमर्शियल खेती की कल्पना नहीं कर रहे हैं। हालांकि अफीम की खेती कानूनन अपराध है और इसी के तहत तीनों ग्रामीणों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनसे करीब 61 किलो अफीम जब्त की गई है।

तीनों के खिलाफ धारा 8 बी 18 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। तमनार के आमाघाट के बाद लैलूंगा के दो गांव घटगांव और मुड़ागांव में अफीम की फसल का खुलासा होने के बाद प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है। दिलचस्प बात यह है कि इस फसल पर अब तक किसी की नजर ही नहीं पड़ी थी, जबकि जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक हर साल दस बीस बीज बोया जाता था। अब यह सच है कि झुठ यह तो जांच के बाद ही सामने आएगा, लेकिन जुर्म है तो है। इस फसल की खुलासा प्रशासन के ड्रोन सर्वे में हुआ है। अभी भी ड्रोन से सर्वे किया जा रहा है।

**खास बात**

- बदन दर्द से मिलती है राहत, घटगांव और मुड़ागांव के लोगों ने दी जानकारी

**कहां कितनी मिली अफीम**

**तमनार के आमाघाट :** यहां 60 हजार 326 अफीम के पौधे और 3 केजी प्रोसेस कर तैयार की गई अफीम जब्त की गई। आरोपी मार्शल सांगा और उसके साथी एमानुएल भेंगरा को गिरफ्तार किया गया है। एक फरार है।

**घटगांव :** नवीन घटगांव में सादराम नागवंशी ने खसरा नंबर 412, रकबा लगभग 0.397 हे में करीब 2 डिसमिल अवैध अफीम की खेती किया था। आरोपी के कब्जे से 6.100 किलोग्राम अफीम के सूखे पत्ते एवं 16 केजी सूखे डंठल जब्त किया गया है। इसी गांव के अभिमन्यु नागवंशी 20 के घर से 14 केजी अफीम की सूखी फसल बरामद की गई। आरोपी ने अपनी पुश्तैनी भूमि में अफीम की खेती की तैयारी किया जाना स्वीकार किया गया।

**मुड़ागांव :** मुड़ागांव में आरोपी तानसिंह नागवंशी 32 द्वारा अपने हिस्से की भूमि में अफीम पोस्त की अवैध खेती किया गया था। आरोपी ने बताया कि फसल पूर्ण विकसित नहीं होने पर उसे टुकड़ों में काटकर बोरी में भरकर छिपाया गया था, जिसे नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा था। करीब 4 केजी अफीम पोस्त जब्त कर आरोपियों के खिलाफ धारा 8 बी, 18 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### बुलेट के शौकीन चोर, एक दो नहीं बल्कि चार-चार कर दिए पार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**खरसिया क्षेत्र में रात के समय वारदात, सुनसान का फायदा उठाकर बुलेट बाइक करते थे चोरी**

पुलिस ने कुछ ऐसे चोरों को पकड़ा है जो अपनी पसंद की चीजें चोरी करते हैं। इसमें एक शातिर चोर समेत पांच नाबालिग शामिल हैं। इन चोरों का पसंद है बुलेट। इसी शौक को पूरा करने के लिए अब तक पांच बुलेट गाड़ी पर हाथ साफ कर दिया है। ये चोर खरसिया क्षेत्र में रात के समय वारदात को अंजाम देते हैं और सुनसान का फायदा उठाकर बुलेट बाइक चोरी करते थे। हालांकि बुलेट चोरी का शौक तो पूरा हो गया, लेकिन अब उसके बदले में जेल जाना पड़ेगा। खरसिया पुलिस ने दोपहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है।

बीते 22 मार्च को प्रार्थी दीपक मेघानी ने बुलेट चोरी का रिपोर्ट दर्ज कराया था। बुलेट क्रमांक सीजी 10 बीएन 0643 को अज्ञात आरोपियों द्वारा घर के आंगन से चोरी कर लिया था। पुलिस ने धारा 331,4,ए 305,ए 3,5 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरु किया। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस को जानकारी मिली कि रायगढ़ ढिमरापुर क्षेत्र के रोहित चौहान एवं उसके साथी नई बुलेट में घूम रहे हैं। सूचना पर चौकी प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में रितेश सुनानी उर्फ रोहित चौहान 19 ढिमरापुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, उसने अपने साथियों के साथ मिलकर खरसिया क्षेत्र से बुलेट चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ ट्रेन एवं मोटरसाइकिल से रात के समय खरसिया जाकर सुनसान स्थानों से बुलेट चोरी करता था। 19 मार्च को दीपक मेघानी की बुलेट चोरी कर रायगढ़ लाया गया। इसके पूर्व 18 मार्च को गंजपीछे खरसिया निवासी प्रदुमन गर्ग बुलेट क्रंण सीजी 13 एए 0747 की तथा उससे पहले 14 मार्च को न्यू पोस्ट आफिस रोड खरसिया निवासी आर्यन बंसल की बुलेट सीजी 13 वी 8329 चोरी की गई थी। जिन्हें पेट्रोल समाप्त होने पर खरसिया रेलवे साइडिंग के पास खंडहर में छिपा दिया गया था। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी की गई तीनों बुलेट मोटर साइकिल को जब्त कर लिया गया है।

### झगड़ा, मारपीट और हथियार लहराने वालों पर कार्रवाई

**रायगढ़।** पुलिस द्वारा आदतन झगड़ा, मारपीट में शामिल रहने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जूटमिल और चक्रधरनगर पुलिस ने झगड़ा, मारपीट और सार्वजनिक स्थान पर हथियार लहराकर दहशत फैलाने वाले 6 आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। जूटमिल पुलिस ने अपचारी बालक समेत चार आरोपियों पर की आर्म्स एक्ट की कार्रवाई जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत 21 मार्च को समाधी गली में हुई मारपीट की घटना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी किशोर बालक द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि वह अपने रिश्तेदार के साथ कयाघाट स्थित लकड़ी की देखरेख के लिए गया था, जहां करन बानी उर्फ करन गुप्ता अपने साथियों के साथ मौजूद था। किशोर बालक ने करन से उनके लकड़ी को नाली में बहा देने पर पूछताछ किया जिस पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित पक्ष के वहां से भागने पर आरोपी पीछा करते हुए घर तक पहुंचे और बाद में करन गुप्ता का बड़ा भाई सोनू गुप्ता तलवार लेकर मौके पर पहुंचा और जान से मारने की नीयत से दौड़ाने लगा। मामले में जूटमिल पुलिस ने धारा 115,2,296, 351,3ए 3,5 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी करन बानी उर्फ करन गुप्ता, नंद किशोर बानी उर्फ अखिल गुप्ता, सोनू गुप्ता एवं एक विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लेकर न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपियों को जेल भेजा गया।

# जांच के लिए माशिमं से आई कक्षा 12वीं की 13 हजार अमूल्यांकित कॉपी अब लौटानी पड़ेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



**परीक्षा के बाद जब दोबारा आएगी जांच के लिए कॉपी तो फिर करेंगे अटैच**

कक्षा 12 वीं हिंदी विषय के कॉपी बिना जांचे लौटाना पड़ेगा। कारण अब इस विषय की दोबारा परीक्षा होगी। पहले परीक्षा के करीब 11 घंटे पहले प्रश्न पत्र लीक हो गई थी। ऐसे में इस विषय के परीक्षा को कैंसिल कर दिया गया है और अब 10 अप्रैल को दोबारा परीक्षा होगी। दूसरी ओर पहले ली गई परीक्षा की कॉपी यहां दो दिन पहले ही जांच के लिए पहुंची थी। उसे जांचने के लिए मना किया गया है।

माशिमं के 10-12 वीं कक्षा की परीक्षा पूरा होने के बाद जांच के लिए मूल्यांकन केंद्र में अमूल्यांकित कॉपी भेज दी गई थी। जब यह कॉपी वेल्यूशन सेंटर में पहुंची ही थी कि इस विषय की परीक्षा कैंसिल होने का मैसेज जांच केंद्र प्रभारियों को मिला। ऐसे में कॉपी तो वाहन से उतार लिया गया है, लेकिन एक कोने में रख दिया गया है। उस कॉपी की जांच नहीं होगी। अब उसे बिना जांचे ही लौटाना पड़ेगा। हालांकि कब और कैसे लौटाना है इसके लिए अलग से निर्देश आने की बात सेंटर प्रभारियों द्वारा कही जा रही है। दोनों जांच केंद्र पुत्री शाला और नटवर स्कूल में साढ़े 12 हजार से अधिक अमूल्यांकित कॉपी भेजी गई है। उसे लौटाना होगा। इसमें पुत्री शाला में 6 हजार 107 और नटवर स्कूल में 6 हजार 510 कॉपी आई है।

**80 वेल्यूअर भी हो जाएंगे रिलीव**

कक्षा 12 वीं के हिंदी विषय के कॉपी जांचने वाले करीब 100 वेल्यूअरों को भी अब रिलीव करना पड़ेगा। कारण मंगलवार को कक्षा 10 वीं के हिंदी विषय के कॉपियों की जांच पूरी हो गई है। 25 मार्च से दूसरे फेज में आई कॉपियों की जांच चालू होगी। इसमें हिंदी विषय की जांच नहीं होगी। इसके कारण अभी जो शिक्षक जांच के लिए नियुक्त किए गए थे उनको अभी रिलीव किया जाएगा। अब जब 10 अप्रैल को जब दोबारा परीक्षा होगी और जांच के लिए यहां कॉपी आएगी तब फिर से उनको नियुक्ति आदेश दिया जाएगा। तब तक उनको स्कूल जाना होगा। दोनों जांच सेंटर में करीब 80 हिंदी के शिक्षक जांच के लिए तैनात किए गए थे।

**फिर करनी पड़ेगी तैयारी**

कक्षा 12 वीं बोर्ड के परीक्षार्थियों को अब दोबारा हिंदी विषय की तैयारी करनी पड़ेगी। इसके लिए 15 दिन का समय मिलेगा। दूसरी ओर जिन परीक्षार्थियों ने मेहनत कर पेपर अच्छा लिखा था उनको ज्यादा तकलीफ होगी। वहीं जिन परीक्षार्थियों का पेपर कुछ बिगड़ा था उनको अब एक और मौका मिल जाएगा। अच्छी तैयारी कर अब पेपर अच्छा बना सकते हैं।

### शिक्षा विभाग में मची है हड़बड़ी, अधिकारी-कर्मचारी रहेंगे उपस्थित

# छुट्टी में डीईओ, बिना अधिकारी काउंसिलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शिक्षा विभाग में प्रमोशन पाने वाले कर्मचारियों को इतनी हड़बड़ी है कि अपने अधिकारी के बिना काउंसिलिंग कर रहे हैं। डीईओ अभी अवकाश पर हैं और इस महीने के बाद ही आएंगे। ऐसे में बिना अधिकारी ही यहां काउंसिलिंग किया जा रहा है। इस काउंसिलिंग के लिए खरसिया बीईओ और बाकी कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी ही उपस्थित रहेंगे। न तो जिला पंचायत सीईओ को इसकी जानकारी दी गई है और न ही किसी अन्य अधिकारियों को। जबकि नियमानुसार डिप्टी कलेक्टर काउंसिलिंग में उपस्थित रहते हैं। जारी आदेश में करीब सात प्रतिलिपि दी गई है, लेकिन उन तक यह आदेश कैसे पहुंचेगी। अब इतनी हड़बड़ी क्यों है यह तो विभाग के अधिकारी- कर्मचारी ही जानें, लेकिन इसे लेकर ढेरों सवाल उठ रहा है। 23 मार्च को डीपीसी का अनुमोदन होने के बाद 24 को ही काउंसिलिंग की तैयारी की गई है। याने मंगलवार को एक आदेश जारी कर काउंसिलिंग करने वालों की तैनाती की गई है। जबकि अभी डीईओ श्री राव छुट्टी पर हैं और मार्च के बाद ही लौटेंगे। ऐसे में उनके लौटने के बाद भी काउंसिलिंग की जा सकती है, लेकिन इतनी हड़बड़ी क्यों है यह किसी को समझ नहीं आ रहा है। जानकारी मिली है कि यहां तीन-तीन सहायक संचालक पदस्थ हैं, लेकिन किसी के पास कोई विशेष शाखा का काम काज नही है। याने कोई विभाग दिया नहीं गया है। अब उनके द्वारा ही विभाग के अधिकारी के बिना काउंसिलिंग करने से विभाग के कर्मचारी ही सवाल उठा रहे हैं।

**काउंसिलिंग दल में सात**

काउंसिलिंग दल के लिए 24 मार्च को एक आदेश जारी किया गया है। इसमें खरसिया बीईओ एलएन पटेल, किशोर यादव, सुरेंद्र पटेल, एसएस टोप्पो, शैलेष नामदेव, संगीतानाथ और अमित श्रीवास्तव शामिल हैं। इनके द्वारा काउंसिलिंग की जाएगी। इसमें किसी बड़े अधिकारी को शामिल ही नहीं किया गया है। याने देखा जाए तो गुपचुप तरीके से काउंसिलिंग करने की तैयारी हो गई है। यह विभाग के कर्मचारी ही कह रहे हैं।




## खबर संक्षेप

### न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों ने जिला जेल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**जशपुरनगर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर सत्येन्द्र कुमार साहू, कलेक्टर रोहित व्यास एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेन्द सिंह ने आज जिला जेल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल परिसर के विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, जेल अस्पताल, पाकशाला (रसोईघर), वालगार्ड एवं बैरकों का निरीक्षण किया गया। बंदियों के भोजन, आवास एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया गया, जिसमें किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं हुई। निरीक्षण के दौरान कुछ बंदियों द्वारा अपने-अपने प्रकरणों से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु न्यायाधीशों के समक्ष निवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### जंगल से भटककर लछनपुर पहुंचा चीतल



**जांजगीर-चांपा।** जंगल से भटककर घायल चीतल जांजगीर क्षेत्र के ग्राम लछनपुर पहुंच गया। इस बीच सूचना पर वन विभाग की टीम ने उसका रेस्क्यू किया। चीतल को घायल अवस्था में उपचार के लिए बलौदा स्थित पशु चिकित्सा क्षेत्र बलौदा ले जाया जा रहा था, जहां बीच रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। ज्ञात हो कि सोमवार 23 मार्च को जांजगीर क्षेत्र के ग्राम पंचायत लछनपुर में सुबह एक बड़ी खबर सामने आई, जहां जंगल से भटककर एक चीतल गांव में पहुंच गया। हिरण दिखाई देने की खबर फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद चीतल का रेस्क्यू किया गया। बताया जा रहा है कि सोमवार 23 मार्च की सुबह करीब 10 बजे मड़वा प्लांट से लगे ग्राम लछनपुर के दंतेश्वरी मंदिर के पास हिरण दिखाई दिया। गांव में खबर तेजी से फैलने के बाद लोग बड़ी संख्या में उसे देखने पहुंच गए, जिससे हिरण घबराकर इधर-उधर भागने लगा और भटकते हुए मड़वा प्लांट की ओर चला गया। वन विभाग को सूचना मिलने के बाद टीम तत्काल मौके पर पहुंची और प्लांट कॉलोनी से कुछ दूरी पर बने भूनंदी नाला के पास चीतल को सुरक्षित पकड़ लिया गया।

### चिटफंड कंपनी मसे राशि वापस दिलाने पैदल मार्च

**सक्ती।** चिटफंड कंपनी में डूबी राशि को वापस करने की मांग को लेकर निवेशकों ने सोमवार को पैदल मार्च निकाला। वहीं उचित कार्रवाई की मांग लेकर लेकर सांसद को ज्ञापन सौंपा। पीड़ित जमाकर्ता परिवार के द्वारा सांसद प्रतिनिधि को सौंपे ज्ञापन में बताया कि मोदी की गारंटी में अपने घोषणा पत्र में चिट फंड कंपनियों के रकम वापसी के लिए वादा किया गया था । देश में डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद भी अभी तक चिट फंड के पीड़ितों के लिए कोई सकारात्मक पहल नहीं होने के कारण समस्त चिट फंड कंपनियों में डूबी हुई ग्राहकों को सरकार के प्रति असंतोष है। उन्होंने आगे बताया कि सरकार के द्वारा रकम को वापसी हेतु अनियमित जमा योजना पाबंदी अधिनियम 2019 के तहत रकम की वापसी सुनिश्चित करना चाहिए। अनियमित जमा योजना पाबंदी अधिनियम 2019 तत्काल लागू करें। चित फंड कंपनियों का पैसा वापस करें । अपनी घोषणा पत्र का वादा पूरा करें। सरकार द्वारा पारित कानून अनियमित जमा योजना पाबंदी अधिनियम 2019 का क्रियान्वयन हेतु ठगी पीड़ित जमा करता परिवारों की चिट फंड कंपनियों में डूबी हुई राशि को वापस करने हेतु पैदल मार्च निकाला गया और सांसद के प्रतिनिधि को मसानिया कला सक्ती में ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की हैं।

### चालकों-कर्मचारियों का पुलिस चरित्र सत्यापन और मेडिकल परीक्षण अनिवार्य रूप से कराने दिए निर्देश

# लापरवाही और नियम उल्लंघन पर बस ऑपरेटरों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर



**कलेक्टर ने जिले में संचालित समस्त निजी बस ऑपरेटरों की बैठक लेकर बस संचालन व्यवस्था की समीक्षा**

कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में संचालित समस्त निजी बस ऑपरेटरों की बैठक लेकर बस संचालन व्यवस्था की समीक्षा की बैठक के दौरान उन्होंने यात्रियों की सुरक्षा, समयबद्ध संचालन, निर्धारित किराया का पालन करने, वाहनों की फिटनेस, जरूरी सुरक्षा उपकरण, प्राथमिक चिकित्सा किट, ओवरलोडिंग सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित बस ऑपरेटरों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री व्यास द्वारा बस ऑपरेटरों को बस स्टैण्ड जशपुर में सममसीमा का ध्यान रखकर बस संचालन करने, बस स्टैण्ड में यातायात व्यवस्था बाधित न हो इसलिए बस को अनावश्यक रूप से बस स्टैण्ड में खड़े न रखते हुए व्यवस्थित रखने, बस स्टैण्ड से बस निकलते समय अनावश्यक रूप से सवारी लेने के नाम पर बाहर रास्ते में वाहन खड़ी न करने, सवारी लेते समय बीच सड़क में बस खड़ी न करने, बस में क्षमता से अधिक सवारी न चढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही बस संचालकों को अपने सभी बसों का नियमित रूप से फिटनेस चेक कराने, बस की बीमा वैधता का ध्यान में रखने, महिला-पुरुष एवं बच्चों के बस में बैठने का विशेष व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा उन्होंने बस चालकों के मेडिकल परीक्षण नियमित रूप से कराने, सभी बसों का परमिट, बीमा और फिटनेस प्रमाण-पत्र अपडेट रखने, प्रशासन द्वारा निर्धारित दरों से अधिक किराया यात्रियों से वसूली न करने, ओवरलोडिंग और क्षमता से अधिक यात्री न बैठाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री व्यास ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बस के भीतर हेल्पलाइन नंबर और शिकायत नंबर अनिवार्य रूप से लिखे, ताकि जरूरत के समय यात्रियों को जरूरी मदद मिल सके।

### ई ऑफिस का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश

कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर मुख्यमंत्री जनदर्शन कलेक्टर जनदर्शन और टीएल के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के भीतर करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बिजली विभाग के अधिकारियों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लोगों को देने के लिए कहा है। और घरों में स्मार्ट मीटर लगाने के दिए गए लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पोर्टल में अपना पंजीयन करवाने के निर्देश दिए हैं और सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को तीन कोर्स पूरा करके प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को तीन कोर्स अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने ई ऑफिस के संचालन की प्रगति की समीक्षा की और सभी विभागों के अधिकारियों को ई ऑफिस के माध्यम से ही फाइल भेजने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू सभी एसडीएम और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री निवास बगिया में रामनवमी महायज्ञ आज से

### चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम की तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

- कलश यात्रा के साथ शुरू होगा महायज्ञ कार्यक्रम
- सत्य सनातन धर्म, देवी संत समाज द्वारा किया जा रहा है आयोजन, जुटेंगे हजारों श्रद्धालु

मुख्यमंत्री निवास बगिया में श्रद्धा और भक्ति के वातावरण के बीच श्री रामनवमी पर महायज्ञ का भव्य आयोजन 25 से 28 मार्च तक किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे।इस चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है और आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत 25 मार्च को कलश यात्रा एवं मूर्ति स्थापना के साथ होगी। इस दिन पूजा, हवन, आरती के साथ लीला एवं भजन- कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।26 मार्च को पूजन, हवन, आरती, प्रवचन एवं भजन-कीर्तन आयोजित होंगे।27 मार्च को विशेष पूजन, हवन, नवकन्या पूजन, पूर्णाहुति आरती के साथ रात्रि में भव्य लीला एवं भजन-कीर्तन का कार्यक्रम रखा गया है। 28 मार्च को सहस्त्रधारा स्नान, आशीर्वाद, मूर्ति विसर्जन एवं प्रसाद वितरण के साथ यज्ञ का समापन होगा।यह आयोजन ग्राम बगिया के यज्ञ स्थल पर किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम धर्म संस्थापक परम पूज्य गुरुदेव स्वामी सर्व श्री धनपति पण्डा जी महाराज (गुरुधाम मुंडियापानी, लैलूंगा, रायगढ़) आशीर्वाद से पूजा सम्पन्न होगा। सत्य सनातन धर्म, देवी संत समाज आयोजन समिति द्वारा समस्त श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की गई है। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति संगीत, कथा-प्रवचन और धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण भक्तिमय रहेगा।

# जशपुर में टैक्स नहीं चुकाने वालों पर होगी कार्रवाई

### दुकानों पर लगेगा ताला, 20 वार्डों में घर-घर पहुंचेगी टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

- बड़े बकायादारों के नाम होंगे सार्वजनिक, जल कनेक्शन कटेंगे

नगर पालिका में बकाया कर वसूली को लेकर अब निर्णायक चरण शुरू हो गया है। शहर के सभी 20 वार्डों में एक साथ अभियान चलाकर संपत्तिकर, समेकित कर, जलकर, दुकान किराया और यूजर चार्ज की वसूली तेज कर दी गई है। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि अब किसी भी बकायादार को बख्शा नहीं जाएगा। नगरपालिका की टीमें लगातार घर-घर और दुकानों तक पहुंच रही हैं, लेकिन इसके बावजूद शहर के कई बड़े और प्रभावशाली बकायादार कर जमा करने में टालमटोल कर रहे हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय ने राजस्व अमले की विशेष बैठक लेकर सख्त निर्देश दिए हैं कि हर हाल में बकाया वसूली सुनिश्चित की जाए।

#### बनेगा सामाजिक दबाव

कर नहीं चुकाने वालों पर दबाव बनाने के लिए अब उनके नाम सार्वजनिक किए जाएंगे। नगरपालिका शहर के प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग बोर्ड लगाकर बड़े बकायादारों की सूची प्रदर्शित करेगी। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी बल्कि सामाजिक दबाव भी बनेगा।

#### जलकर बकाया पर कनेक्शन कटेंगे

जलकर नहीं चुकाने वालों के खिलाफ भी सख्त रुख अपनाया गया है। बकाया राशि जमा नहीं करने पर उनके नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, शहर में अवैध नल कनेक्शन रखने वालों पर भी शिकंजा कसने की तैयारी है। ऐसे मामलों में कनेक्शन काटने के साथ पुलिस के माध्यम से कानूनी कार्रवाई भी होगी।

#### छुट्टी के दिन भी खुलेगा कार्यालय

नगरवासियों को राहत देते हुए नगरपालिका ने अवकाश के दिनों में भी कार्यालय खोलने का निर्णय लिया है। अब लोग छुट्टी के दिन भी कार्यालय जाकर अपना बकाया कर जमा कर सकेंगे।गौरतलब है कि नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव एस. वसव राजू ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को शत-प्रतिशत कर वसूली के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत जशपुर नगरपालिका अब एक्शन मोड में आ गई है और हर स्तर पर सख्ती बरतते हुए लक्ष्य हासिल करने में जुटी है।

#### दुकानों पर शीलिंग की तैयारी, प्रशासन अलर्ट

दुकान किराया नहीं चुकाने वाले व्यापारियों पर अब सीधी कार्रवाई की जाएगी। नगरपालिका प्रशासन ने ऐसे दुकानदारों की सूची तैयार कर ली है और जल्द ही उनकी दुकानों को शील करने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (आईएएस) अनिकेत से चर्चा कर बड़ी कार्रवाई की रणनीति बनाई जा रही है।

### जन्म-मृत्यु के पंजीयन में देरी पर सख्ती

**जशपुरनगर।** जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय के उप संचालक एवं जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जशपुर को पत्र जारी कर जन्म-मृत्यु पंजीयन में हो रही देरी पर ध्यान आकर्षित की गई है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि सीएमएचओ के अधीनस्थ सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों के रजिस्ट्रार व उप रजिस्ट्रार द्वारा माह अगस्त 2025 से सितम्बर 2025 की हड़ताल अवधि के दौरान हुई जन्म एवं मृत्यु की घटनाओं के विलंबित पंजीयन की प्रक्रिया अत्यंत धीमी गति से संपादित की जा रही है। नियमानुसार संस्थागत जन्म एवं मृत्यु की निर्धारित समय-सीमा में पंजीयन संबंधित संस्था प्रभारी की जिम्मेदारी होती है।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने कौशल विकास कार्यशाला

- 150 महिलाओं ने लिया प्रशिक्षण, दिव्यांग महिलाएं

**जशपुरनगर।** महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम, रायपुर द्वारा महावीर इंटरनेशनल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन के सहयोग से मंगल भवन कुनकुरी में विगत दिवस कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। दो दिनों तक चले इस कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित कर उन्हें आय अर्जन के लिए सक्षम बनाना था, ताकि वे अपने परिवार की आर्थिक धुरी बन सकें। कार्यशाला में कुल 150 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें 25 दिव्यांग महिलाएं भी शामिल थीं। प्रतिभागियों को उनकी रुचि के अनुसार विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें हर्बल साबुन निर्माण, रिबन माला एवं गजरा बनाना, चॉकलेट निर्माण, मोमबत्ती बनाना, गोबर से निर्मित उत्पाद राखी, धूप कप, दीया तोरण, बोतल आर्ट, जैस्मिन आर्ट, झाड़ू एवं पोछा निर्माण तथा फिनाइल बनाना शामिल था। कार्यशाला के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आगामी माह से रायपुर में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत के सम्बन्ध में जानकारी दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में दिव्यांगजनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया, ताकि वे समाज में सशक्त भूमिका निभा सकें। कलेक्टर रोहित व्यास ने अपने संबोधन में दिव्यांगजनों द्वारा तैयार की गई सामग्री एवं उनके कौशल की सराहना की। उन्होंने प्रदर्शित उत्पादों का अवलोकन किया तथा स्वयं भी सामग्री क्रय कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सर्किट हाउस में अध्यक्ष एवं कलेक्टर के बीच दिव्यांगजनों के कौशल विकास एवं आत्मनिर्भरता को लेकर सकारात्मक चर्चा भी हुई।




#### ऋण की पूर्ण अदायगी करने वाले 38 दिव्यांगजन सम्मानित

जिले में वित्त एवं विकास निगम द्वारा पूर्व में प्रदान किए गए ऋण की पूर्ण अदायगी करने वाले 38 दिव्यांगजनों को साल, श्रीफल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने स्टॉलों का अवलोकन कर प्रतिभागियों द्वारा निर्मित उत्पादों की सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के निज सहायक तुलसी कौशिक, सलाहकार राजेश तिवारी, प्रबंधक पंकज वर्मा, श्री भरत सिंह, जनपद सदस्य श्रीमती पिंकी गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में समाज कल्याण विभाग के उप संचालक धर्मेंद्र कुमार साहू द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# जशपुर में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ

### कार्यकर्ताओं को मिला वैचारिक मार्गदर्शन




**जशपुरनगर।** जशपुर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित "पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026" के तहत दो दिवसीय मण्डल स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा ध्वजारोहण, भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्रों पर दीप प्रज्वलन तथा राष्ट्रगीत व राजकीय गीत के साथ की गई।

कार्यशाला के प्रथम दिन जशपुर विधायक रायमुनी भगत, जिला भाजपा महामंत्री मुकेश शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत एवं अधिवक्ता सत्यप्रकाश तिवारी ने विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठनात्मक मजबूती, विचारधारा और आगामी रणनीतियों पर प्रशिक्षण दिया। विधायक रायमुनी भगत ने अपने विस्तृत उद्बोधन में कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें। जिला भाजपा महामंत्री मुकेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में संगठन की कार्यप्रणाली और अनुशासन पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षण को संगठन की रीढ़ बताते हुए इसे गंभीरता से लेने की बात कही। नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने कहा कि भाजपा का मूल आधार सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित है। उन्होंने स्थानीय स्तर पर जनसमस्याओं के समाधान में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। अधिवक्ता सत्यप्रकाश तिवारी ने संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और भाजपा की वैचारिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को जागरूक और सजग रहने की सीख दी। प्रशिक्षण वर्ग की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष मुकेश सोनी, जिला मंत्री संतोष सिंह एवं शारदा प्रधान ने की, जबकि संचालन संतोष सिंह और शरद चौरसिया द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में सुरेश राम भगत, राजकपूर भगत, गोविंद राम भगत, श्यामलाल भगत, रूपेश सोनी, शारदा प्रधान, राजू गुप्ता, राजा सोनी, द्वारिका मिश्रा, विनोद निकुंज, सज्जू खान, रागिनी भगत, नागेन्द्र भगत, सतीश गोस्वामी, रोमी गुप्ता, आशु राय, नीतू गुप्ता, कंचन बैरागी, दीपू मिश्रा, राहुल गुप्ता, शशि साहू, जय प्रकाश रवानी, पप्पू कठपालिया, रूपेश सिंह, सुरेंद्र यादव, अनिता पैंकरा, पिंकी लकड़ा, सुधीर भगत, विजेता भगत, आकाश गुप्ता, अनुज भगत सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सरगुजा ओलंपिकः जिले के खिलाड़ियों को मिले 17 स्वर्ण, 20 रजत और 16 कांस्य




**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय सरगुजा ओलंपिक 2026 में जशपुर जिले के प्रतिभागियों ने विभिन्न विधाओं में पदक प्राप्त कर जशपुर जिले को गौरवान्वित किया है। उक्त आयोजिन 21 से 23 मार्च 2026 तक सरगुजा जिले के अंबिकापुर में आयोजित किया गया। जिसमें जशपुर जिले के कुल 443 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें विजेता प्रतिभागियों में 17 स्वर्ण पदक, 20 रजत पदक व 16-कांस्य पदक प्राप्त किया।

विजेता प्रतिभागियों की जानकारी निम्नानुसार है - 100 मीटर दौड़ - 2 स्वर्ण पदक, 400 मीटर दौड़ - 1 कांस्य पदक, 4×100 मीटर रिले रेस - 2 रजत पदक, लंबी कूद 1 कांस्य पदक ऊंची कूद 1 स्वर्ण पदक, 1 कांस्य पदक, गोला फेंक 1 रजत पदक, तवा फेंक स्वर्ण पदक,2 रजत पदक, भाला फेंक 1 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक तीरंदाजी 30 मीटर एकल - 1 रजत पदक, 2 कांस्य पदक, तीरंदाजी 30 मीटर दलीय 1 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक बैडमिंटन एकल 1 कांस्य पदक बैडमिंटन युगल 3 कांस्य पदक, फुटबॉल -1 स्वर्ण पदक, 2 कांस्य पदक हॉकी 4 स्वर्ण पदक कुश्ती 2 स्वर्ण पदक, 4 रजत पदक, 1 कांस्य पदक कराते - 2 रजत पदक, 1 कांस्य पदक, कबड्डी - 1 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक खो-खो - 3 स्वर्ण पद, व्हॉलीबॉल - 1 कांस्य पदक, बास्केटबॉल 2 कांस्य पदक शामिल हैं।

### किसानों को मिले नए बाजार के अवसर

# कृषि क्रांति एक्सपो में 17 कंपनियों ने दिखाई रुचि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

- औषधीय एवं उद्यानिकी फसलों के निर्यात को मिलेगा बढ़ावा




जिला प्रशासन द्वारा कुनकुरी में आयोजित कृषि क्रांति एक्सपो में किसानों का उत्साह चरम पर दिखाई दे रहा है। एक्सपो के अंतर्गत आयोजित डेमॉन्स्ट्रेशन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित होकर सक्रिय रूप से भागीदारी सुनिश्चित की।

एक्सपो में विभिन्न कृषि उत्पादों, आधुनिक तकनीकों एवं स्थानीय उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसने किसानों और आगंतुकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए 17 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, वहीं जिले के 40 लीडर किसानों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए कंपनियों के साथ सीधे संवाद स्थापित किया। एक्सपो में विभिन्न कंपनियों ने जशपुर जिले के कृषि उत्पादों में विशेष रुचि दिखाई। महाराष्ट्र से आई एक कंपनी ने जिले के ऑर्गेनिक उत्पादों को लेकर उत्साह जताया, जबकि पटना (बिहार) से आए श्री शुभम बर्नवाल ने मिलेट, कटहल एवं सरसों आधारित उत्पादों की खरीद में रुचि दिखाई।

#### कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग और निर्यात की संभावनाएं

ग्लोबल हर्ब्स कंपनी की प्रतिनिधि श्रीमती रजनी गाबा ने जिले के गिलोय, आंवला, हल्दी, सफेद मूसली, जामुन गुठली जैसे औषधीय उत्पादों की मांग जताई। उन्होंने बताया कि दक्षिण भारत से इन उत्पादों का निर्यात महंगा पड़ता है, इसलिए जशपुर से आपूर्ति की संभावना अत्यंत लाभकारी है। इसके अलावा कुसुम बीज, लाख, पीपल, नागरमोथा, करंज बीज और साल बीज की भी मांग व्यक्त की गई। इसी क्रम में राइस एक्सपोर्टर श्री जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि वे जिले से आईआर-64 एवं स्वर्णा जैसी धान किस्मों का निर्यात करना चाहते हैं। इसके लिए चावल के नमूनों का प्रयोगशाला परीक्षण कराया जाएगा और अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरे उतरने वाले उत्पादों का निर्यात किया जाएगा।

# अपनी मेहनत और नवाचार से खेती को नई पहचान दे रहे युवा किसान अंकित




**जशपुरनगर।** जिले के ग्राम रतबा के युवा किसान अंकित लकड़ा अपनी मेहनत और नवाचार से खेती को नई पहचान दे रहे हैं। पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर उन्होंने अपने खेत को बहुआयामी आय का मजबूत माध्यम बना दिया है। आइए जानते हैं उनकी प्रेरणादायक कहानी।

रबता के युवा किसान अंकित ने बताया कि पहले वे बरसात में सिर्फ धान की खेती करते थे। इसे पश्चात उन्होंने मत्स्य विभाग से जानकारी प्राप्त कर अपने खेत में तालाब बनाए। अब वे गर्मी में भी खेती करने लगे और आम के पेड़ लागाए उसी तालाब के पानी से गर्मी में पेड़ों को पानी देते हैं। तालाब के पानी का उपयोग करके बागवानी भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2 तालाब के उपर शेड बनाकर मुर्गी पालन और मछली पालन करते हैं। मुर्गियों का अपशष्टि मछलियों के लिए आहार का कार्य करता है। शेड का कैपेसिटी 1000 से 1200 है। तालाब के मेड में आम का पेड़ लगाए हैं। आम का पेड़ या अन्य पेड़ मिट्टी को एकजुट रखता है मिट्टी को काटने नहीं देता। इसके साथ ही आम का पेड़, लीची का पेड़ अतिरिक्त आय का माध्यम बन जाता है। युवा किसान ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य योजना अंतर्गत पॉन्ड लाइनर प्राप्त हुआ है। मछली विभाग से 8 लाख रूपए की राशि अनुदान में मिला इसके साथ पॉलीथिन, बोर, मोटर और फीड प्राप्त हुआ है। अंकित लकड़ा की यह पहला बताती है की नई सोच और योजनाओं के सही उपयोग से खेती को और अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है ऐसे ही नवाचार और सफल किसानों से मिलने के लिए कृषि क्रांति एक्सप्रेस 2.0 में जरूर आए।



# नवाजुद्दीन ने शुरू की तुम्बाड 2 की शूटिंग, सोहम के साथ आए नजर

**मुंबई।** सोमवार को नवाजुद्दीन सिद्दीकी, निर्माता और अभिनेता सोहम शाह को मुंबई के मड आइलैंड में देखा गया। इस दौरान अपने फिल्म क्रू के साथ दिखाई दिए। सोहम शाह, नवाजुद्दीन सिद्दीकी से बातचीत करते थे। यह दोनों फिल्म तुम्बाड 2 की शूटिंग शुरू कर चुके हैं। बता दें कि 2018 में रिलीज हुई हॉरर, थ्रिलर फिल्म तुम्बाड़ का यह सीक्वल है नवाजुद्दीन के किरदार की जहां तक बात है तो उनके किरदार का नाम पांडुरंग होगा। इसमें नवाज के किरदार में कई परतें होंगी। कहानी को लेकर भी मेकर्स का कहना है कि यह पिछली फिल्म से ज्यादा डरावनी होगी। 'तुम्बाड' की बात करें तो साल 2018 में रिलीज हुई इस डार्क फैंटेसी-हॉरर फिल्म में लालच के दुष्परिणामों को दिखाया गया था।

## लाइफ Style



# सान्या
## सुंदर पूनम की पहली झलक आई सामने

सान्या मल्होत्रा अभिनीत फिल्म 'सुंदर पूनम' का फर्स्ट लुक सामने आ चुका है। एक्ट्रेस का लुक इस फिल्म में काफी रहस्यमयी दिख रहा है। यूजर्स को लगता है कि फिल्म 'सुंदर पूनम'एक असल मर्डर से प्रेरित है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म 'सुंदर पूनम' के फर्स्ट लुक में सान्या मल्होत्रा दुल्हन के जोड़े में नजर आईं। फर्स्ट लुक देखकर लगता है कि वह कोई आम दुल्हन नहीं है, उनके किरदार में कई परतें हैं। फर्स्ट लुक से लगता है कि फिल्म 'सुंदर पूनम'अपने स्टोरी से दर्शकों को चौंका देगी, इसमें थ्रिलर, सस्पेंस की डोज मिलेगी। सुंदर पूनम के फर्स्ट लुक में सान्या मल्होत्रा दुल्हन बन है, उसका फोन लगातार बज रहा है। जिसमें सुंदर और राजू नाम के नंबर से फोन आ रहा है। आखिर में दुल्हन मुस्कुराती है। पीछे से एक खबर सुनाई देती है कि एक शादी-शुदा जोड़ा कश्मीर में गायब हो गया।

इस फिल्म में एक नया शादी-शुदा जोड़ा कश्मीर हनीमून पर जाता है। हनीमून के दौरान यह जोड़ा अचानक लापता हो जाता है। इसके साथ ही दुल्हन पूनम से जुड़ा एक रोंगटे खड़े कर देने वाला सच सामने आता है। इसमें उसकी जुनून भरी प्रेम कहानी है और उलझा हुआ अतीत है, जो दर्शकों को चौंकाने के लिए काफी है। फिल्म 'सुंदर पूनम' में सान्या मल्होत्रा के अलावा आदित्य रावल और विक्रम मल्होत्रा भी नजर आएंगे। फिल्म को पुलकित ने निर्देशित किया है। यह प्राइम वीडियो पर जल्द ही रिलीज होगी।

## हॉलीवुड मसाला



# मास्टर्स ऑफ हॉरर से मिली थी पहचान

**लॉस एंजिल्स।** लोकप्रिय हॉरर टेलीविजन सीरीज में अपनी भूमिकाओं के लिए मशहूर कनाडाई अभिनेत्री कैरी ऐन फ्लेमिंग का 51 साल की उम्र में निधन हो गया है। कैरी एन फ्लेमिंग ने टेलीविजन सीरीज 'वाइपर'से अपने करियर की शुरुआत की। इसके बाद वो एडम सैंडलर की फिल्म 'हैप्पी गिलमोर' में भी दिखाई दीं। इस दौरान उन्होंने फिल्मों और टेलीविजन में छोटी, लेकिन यादगार भूमिकाएं निभाईं। साल 2005 में आई निर्देशक डारियो अर्जेंटो की एंथोलॉजी सीरीज 'मास्टर्स ऑफ हॉरर' से फ्लेमिंग को सफलता मिली।



# के-पॉप ग्रुप बीटीएस ने किया 'बीटीएस 2.0' का ऐलान...

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया भर में मशहूर के-पॉप ग्रुप बीटीएस ने लंबे ब्रेक के बाद वापसी की है। उन्होंने नेटफ्लिक्स के कॉन्सर्ट स्पेशल 'बीटीएस द कमबैक लाइव एरिरंग' के दौरान अपने एक नए दौर की शुरुआत का ऐलान किया है। इसका नाम 'बीटीएस 2.0' है। बीटीएस 'एरिरंग वर्ल्ड टूर' पर निकलने के लिए तैयार है, जिसकी शुरुआत 9 अप्रैल को दक्षिण कोरिया के गोयांग से होगी। यह टूर अगले एक साल में 23 देशों के 34 शहरों का दौरा करेगा। इस टूर से इस ग्रुप की लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। 2022 के बाद पहली बार शुक्रवार को सियोल के ग्वांगह्वामुन स्क्वायर में बीटीएस के कार्यक्रम को लाइव-स्ट्रीम किया गया। 2022 में सदस्यों ने अपनी अनिवार्य सैन्य सेवा पूरी करने के लिए इसे रोक दिया था। शो के दौरान फैंस को संबोधित करते हुए, सदस्य जे-होप ने कोरियाई भाषा में आभार व्यक्त किया।



# अल्लू संग साउथ फिल्म में की एंट्री...

**मुंबई।** साउथ स्टार अल्लू अर्जुन अपनी आगामी फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसका अस्थायी नाम 'एए22xए6' है। इस फिल्म का निर्देशन 'जवान' फिल्म के डायरेक्टर एटली कर रहे हैं। खबरों के मुताबिक, फिल्म में कई बड़े स्टार्स हैं, जिनमें दीपिका पादुकोण लीड रोल में हैं। अब नई खबरों के अनुसार, अनुष्का शर्मा भी इस साइंस फिक्शन फिल्म में नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, बॉलीवुड की एक और बड़ी स्टार इस प्रोजेक्ट से जुड़ने वाली हैं। बताया जा रहा है कि वे फिल्म में शामिल होने के लिए बातचीत कर रही हैं और अगर यह सच साबित होता है, तो यह उनकी पहली तेलुगू फिल्म होगी। हालांकि, अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अनुष्का शर्मा आखिरी बार 2018 में शाहरुख खान और कटरीना कैफ के साथ आई फिल्म 'जीरो' में नजर आई थीं।



# एक बार फिर हॉरर का डोज देंगे अजय...

**मुंबई।** अजय देवगन इन दिनों अपनी आगामी फिल्मों 'दृश्यम 3' और 'गोलमाल 5' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच उनकी एक और आगामी फिल्म को लेकर दिलचस्प खबर सामने आई है। अजय देवगन एक बार फिर हॉरर की दुनिया में वापसी करने वाले हैं। अजय देवगन एक बार फिर हॉरर फिल्म में नजर आएंगे। इसके लिए उन्होंने 'सरदारजी' फ्रेंचाइजी के निर्देशक रोहित जुगराज के साथ हाथ मिलाया है। अजय देवगन भूत (2003) और काल (2005) जैसी हॉरर फिल्मों में दर्शकों का मनोरंजन कर चुके हैं। अब कथित तौर पर एक्टर एक बार फिर हॉरर मूवी में नजर आएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, अजय देवगन ने हॉरर फिल्म के लिए रोहित जुगराज के साथ हाथ मिलाया है। फिलहाल मेकर्स इस प्रोजेक्ट के प्री-प्रोडक्शन में व्यस्त हैं।

## टीवी मसाला



# शिव बने द 50 के विजेता ट्रॉफी के साथ जीते 50 लाख

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'द 50' का समापन हो गया है। हफ्तों की कड़ी टक्कर और मनोरंजक एपिसोड के बाद इस शो को अपना विजेता मिल गया है। शुरुआत में इस शो में टेलीविजन, सोशल मीडिया और मनोरंजन जगत के 50 कंटेस्टेंट्स शामिल थे। इसके फाइनल एपिसोड तक पहुंचते-पहुंचते इसमें कुछ ही कंटेस्टेंट्स बचे थे। शिव ठाकरे इस शो के विजेता बने हैं। उन्होंने 50 लाख रुपए की राशि जीती है। शिव ठाकरे ने मिस्टर फैसु, काका, रजत दलाल और कृष्णा श्रॉफ के साथ मुकाबला करने के बाद ट्रॉफी जीती। फैंस ने सोशल मीडिया पर शिव को बधाई दी और उनकी जीत को पूरी तरह से सही बताया। इस जीत के साथ, उन्होंने एक बार फिर रियलिटी शो में अपनी जबरदस्त फैन फॉलोइंग और लोकप्रियता साबित कर दी। जीत के बारे में बात करते हुए, शिव ठाकरे ने कहा, 'यह 50 का अनुभव मेरे लिए बिल्कुल नया था। मैं शिव ठाकरे का एक अलग पहलू दिखाना चाहता था। एक ऐसा पहलू जो यह मानता है कि अपनी बात सुनाने के लिए आपको चिल्लाने या लड़ने की जरूरत नहीं है। आप पूरे दिल से खेल सकते हैं, खुद के प्रति सच्चे रह सकते हैं। फिर भी जीत सकते हैं। पहले सीजन का विजेता बनना, खासकर 50 मजबूत खिलाड़ियों के बीच, एक ऐसी बात है जिसे हमेशा याद रखा जाएगा। इससे मुझे बेहद खुशी मिली है।' रियलिटी शो 'द 50' की शुरुआत 50 प्रतियोगियों के साथ हुई।

## आसान रास्ता ढूंढ रहे होते हैं : राजीव

**मुंबई।** राजीव खंडेलवाल ने कई बार इंडस्ट्री में अपने कास्टिंग काउच के अनुभव शेयर किए हैं और कहा है कि ऐसी स्थितियां आम हैं, जहां



ताकतवर लोग नए कलाकारों का शोषण करते हैं। अब एक नए इंटरव्यू में राजीव ने फिर से इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच पर अपनी राय रखी है और कहा है कि उन्हें नहीं लगता कि अब भी कास्टिंग काउच में कमी आई है। मुझे महिलाओं से या नए कलाकारों से पूछना पड़ेगा कि क्या वे खुद को ज्यादा सुरक्षित महसूस करते हैं? क्या वे भी वही सब झेल रहे हैं जो हमने झेला, जब इंडस्ट्री ज्यादा छोटी और जुड़ी हुई थी, जहां कुछ बातों पर कोई चर्चा नहीं होती थी और लोग मानते थे कि यही इंडस्ट्री का नियम है? राजीव खंडेलावल ने कहा कि जब वे सुनते हैं कि कोई सालों तक हैरास हुआ, तो उनके मन में सवाल आता है, आप वहां सालों तक क्यों रहे? शायद आप भी आसान रास्ता ढूंढ रहे थे।

# गृह मंत्रालय से 10 वकीलों ने की नोरा का वर्क परमिट रद्द करने की मांग

**मुंबई।** कनाडा मूल की बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कन्नड़ फिल्म 'केडी डेविल' में उनके गाने 'सरके चुनर तेरी सरके' को लेकर खूब बवाल मचा हुआ है। इस गाने के हिंदी वर्जन में बेहद अश्लील बोल हैं, जिसको लेकर नोरा फतेही और संजय दत्त लोगों के निशाने पर हैं। अब खबर ये है कि यह मामला और बढ़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, 10 वकीलों के एक ग्रुप ने गृह मंत्रालय से संपर्क किया है और नोरा फतेही का वर्क परमिट रद्द करने की मांग की है। यही नहीं, इन वकीलों ने मांग की है कि नोरा फतेही को भारत से डिपोर्ट कर दिया जाए। यह सब ऐसे समय में भी हो रहा है, जब भारत सरकार ने 'सरके चुनर तेरी सरके' गाने को बैन कर दिया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है। जबकि गीतकार रकीब आलम ने डायरेक्टर को ठीकरा



फोड़ा है। आरोप लगाया कि डायरेक्टर प्रेम ने कन्नड़ गीत का ही जबरन वर्ड-टू-वर्ड ट्रांसलेशन करवाया है। हालांकि, नोरा के खिलाफ यह कदम थोड़ा अजीब इसलिए भी है कि फिल्म के मेकर्स या इसी गाने में नजर आए संजय दत्त को लेकर उतना शोर नहीं है, जितना एक्ट्रेस को लेकर है। बहरहाल, अपनी याचिका में वकीलों ने आरोप लगाया है कि यह गाना 'बेहद अश्लील' है, यौन रूप से उत्तेजक है, और सार्वजनिक नैतिकता के साथ-साथ महिलाओं की गरिमा के लिए भी अपमानजनक है। उन्होंने आगे तर्क दिया कि नोरा फतेही ने इस तरह के कंटेंट से जुड़कर भारत में काम करने के अपने विशेषाधिकार का दुरुपयोग किया है। वकीलों ने याचिका में विदेशी अधिनियम, 1946 के प्रावधानों का भी हवाला दिया है। इससे पहले, ऑनलाइन ट्रोलिंग और आलोचनाओं के बीच नोरा फतेही ने भी बीते दिनों इस पर जवाब दिया था।

# मार्च के आखिरी वीक ओटीटी पर होगा मनोरंजन का धमाका



**मुंबई।** मार्च का महीना काफी खास रहा है। होली और ईद के त्योहार का जश्न मनाया गया। चैत्र नवरात्रि चल रही हैं। रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' ने भी इसी महीने दस्तक दी, जिसकी वजह से सिनेमाघर गुलजार हैं। इस महीने ओटीटी पर भी कई खास फिल्में और सीरीज रिलीज हुईं। अब मार्च का आखिरी वीक सोमवार से शुरू हो चुका है।

**ओ रोमियो** : सिनेमाघरों के बाद शाहिद कपूर की ओ रोमियो फिल्म अब ओटीटी पर भी आ रही है। इसके निर्देशन की कमान विशाल भारद्वाज ने संभाली। ओ रोमियो एक डार्क रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। शाहिद कपूर के साथ तृप्ति डिमरी भी अहम भूमिका में हैं। इनके अलावा नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, फरीदा जलाल, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी भी फिल्म का हिस्सा हैं। यह फिल्म 27 मार्च से प्राइम वीडियो पर आएगी। हालांकि, गौर करने वाली बात ये है कि फिलहाल यह रेंट पर उपलब्ध होगी। प्राइम सब्सक्राइबर्स के लिए यह फिल्म अप्रैल के पहले या दूसरे वीक तक स्ट्रीम होने की उम्मीद है।

**कट्टान** : यह मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज है। इसका निर्देशन एम. मणिकंदन ने किया है। सीरीज की कहानी एक छोटे से गांव में एक मर्डर मिस्ट्री पर आधारित है। सीरीज में विजय सेतुपति लीड रोल में हैं। उनके अलावा मिलिंद सोमन, सुदेव नायर, वीजे पार्वती भी इसका हिस्सा हैं। 27 मार्च से यह सीरीज जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

**डिटेक्टिव होल** : अगर आपको क्राइम ड्रामा पसंद हैं तो इसे अपनी लिस्ट में शामिल कर सकते हैं। यह नॉर्वेजियन क्राइम ड्रामा एक परेशान जासूस की कहानी पर आधारित है, जिसे ओस्लो में हुई बेरहम हत्याओं की एक कड़ी की जांच करने का काम सौंपा जाता है। साथ ही वह अपने अंदर के संघर्षों से भी जूझ रहा होता है। उसकी जांच में एक भ्रष्ट सहकर्मी भी बाधा डालता है, जिसका उसे सामना करना पड़ता है। 'डिटेक्टिव होल' 26 मार्च से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध होगी।

**समथिंग वेरी बैड इज गोइंग टू हैपन** : यह अमेरिकी हॉरर सीरीज है। इसे स्ट्रेंजर थिंग्स के लिए मशहूर डफर ब्रदर्स ने बनाया है। छह एपिसोड की इस सीरीज में कैमिला मोरोन और एडम डिमार्को मुख्य भूमिका में हैं। 'समथिंग वेरी बैड इज गोइंग टू हैपन' 26 मार्च से नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

## 'राम तो हर युग जन्म लेते हैं, लेकिन लक्ष्मण केवल एक ही बार पैदा होते हैं'

# 24 घंटे में लिखी स्क्रिप्ट, फिर मनोज ने बनाई कालजयी फिल्म

*नई दिल्ली। भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री से मुलाकात के बाद सुपर स्टार मनोज कुमार दिल्ली से मुंबई के लिए रवाना। उसके दिमाग में उथल-पुथल मची हुई थी। ऐसे में उसने ट्रेन में ही अपनी अगली फिल्म का फर्स्ट हाफ लिख लिया। कहानी भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित थी। मनोज कुमार यह फिल्म राजेश खन्ना को लेकर बनाना चाहते थे, लेकिन बात नहीं बनी। ऐसे में उन्होंने खुद ही फिल्म के डायरेक्शन की कमाल संभाली। आशा पारेख और प्राण को अहम भूमिकाओं के लिए साइन किया। फिर क्या था, ऐसी फिल्म बनकर तैयार हुई जिसने रिलीज होते ही तहलका मचा दिया। मूवी ने उस साल 7 फिल्मफेयर अवॉर्ड जीते। बेस्ट फीचर फिल्म का सेकंड नेशनल अवॉर्ड भी जीता।*

### 1967 में सिनेमाघरों में आई थी फिल्म

भारत-पाकिस्तान युद्ध की पृष्ठभूमि पर बॉलीवुड में कई फिल्में बनाई गई हैं। ऐसी ही एक फिल्म 1967 में सिनेमाघरों में आई थी। इस फिल्म का नाम 'उपकार' था, जिसका डायरेक्शन मनोज कुमार ने किया था। प्रोड्यूसर हरिकिशन आर. मिरचंदानी और आरएन गोस्वामी थी। मनोज कुमार को इस फिल्म को बनाने की प्रेरण तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री से हुई मुलाकात से मिली थी। यह मुलाकात 'शहीद' फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान हुई थी। फिल्म किसान और जवान के योगदान को दिखाती है। शास्त्री ने ही मनोज कुमार को 'जय जवान-जय किसान' थीम पर फिल्म बनाने का सुझाव दिया था। शास्त्री से मुलाकात के बाद जब मनोज कुमार दिल्ली से मुंबई वापस लौट रहे थे तो उन्होंने फिल्म का फर्स्ट हाफ लिख लिया था।




### कसमें वादे प्यार वफा सब

'कसमें वादे प्यार वफा सब..' से एक और दिलचस्प किस्सा जुड़ा हुआ है। जब मनोज कुमार ने इस गाने को प्राण पर फिल्माने के बारे में बताया तो फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर कल्याण जी - आनंद जी नाखुश हो गए। उन्होंने सोचा कि मनोज इतने अच्छे गाने को विलेन पर फिल्मा रहे हैं, लेकिन यह गाना मैसिव हिट रहा और प्राण की इमेज भी इसी गाने ने बदल दी।

### कल्याण जी - आनंद जी का था म्यूजिक

वैसे तो मनोज कुमार यह फिल्म राजेश खन्ना के साथ बनाना चाहते थे, लेकिन बात नहीं बनी। राजेश खन्ना ने ऑल इंडिया टैलेंट कॉन्टेस्ट जीत लिया था, ऐसे में वो फिल्म से पीछे हट गए। बाद में उनका रोल प्रेम चोपड़ा को दिया गया। फिल्म में आशा पारेख, प्रेम चोपड़ा, प्राण, कामिनी कौशल और मदन पुरी की भूमिकाएं बेहद खास थीं। म्यूजिक कल्याण जी - आनंद जी का था। फिल्म के गाने कमर जलालाबादी, इंदीवर, गुलशन बावरा और प्रेम धवन ने लिखे थे। फिल्म का देशभक्ति से ओत-प्रोत गाना 'मेरे देश की धरती सोना उगले उगले हीरे-मोती' गुलशन बावरा ने लिखा था। यह कालजयी गाना आज भी हमें 26 जनवरी और 15 अगस्त को पूरे देश में सुनने को मिलता है।

### फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई

'उपकार' मूवी ने रिलीज होते ही तहलका मचा दिया। यह 1967 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी। 1.4 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने करीब 3.5 करोड़ का नेट कलेक्शन किया था। फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई। उपकार को 7 फिल्मफेयर अवॉर्ड मिले थे।

### बतौर डायरेक्टर मनोज की पहली फिल्म थी

*बतौर डायरेक्टर यह मनोज कुमार की पहली फिल्म थी। यह फिल्म प्राण के कॅरियर के लिए टर्निंग प्वॉइंट साबित हुई. उन्होंने पहली बार सकारात्मक भूमिका निभाई थी। 'मलंग चाचा' का कालजयी किरदार प्राण ने ही निभाया था। 'कसमें वादे प्यार वफा सब, बातें हैं बातों का क्या' जैसा एवरग्रीन सैड सॉन्ग उन पर फिल्माया गया था। गाने के बोल दिल को चीर देने वाले थे। उनका डायलॉग 'राम तो हर युग जन्म लेते हैं, लेकिन लक्ष्मण केवल एक ही बार पैदा होते हैं' कितना फेमस हुआ, आप सबको पता है। उनका इसी फिल्म का एक और डायलॉग 'राशन पर भाषण बहुत हैं, लेकिन भाषण पर राशन कोई नहीं' आज भी फेमस है।*

खबर संक्षेप

## छग कर्मचारी चयन बोर्ड गठन से मिलेगा फायदा

**रायगढ़।** सरकार की ओर से तृतीय और चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों की भर्ती के लिए वित्तीय सहमति देने के साथ सरकार की ओर से सभी आवश्यक मंजूरी देने के बाद भी भर्ती प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब का निदान बताते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन बोर्ड गठन की जानकारी दी। उन्होंने कहा व्यापम में एक ही तरह के पदों के लिए अलग अलग विभागों के लिए अलग अलग परीक्षाएं आयोजित की जाती थीं और कई तरह के समस्याएं थी। इन सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन बोर्ड का गठन किया है और इसके माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ बहुत सारे परीक्षाओं को एकीकृत करते हुए तेजी से भर्ती करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की दृष्टि से इसका गठन किया गया है।

## आग की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**पुसौर।** ग्राम पडिगांव के समारी निषाद पति दुर्योधन निषाद 72 का आग के चपेट में आने से मौत होने की घटना सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक उक्त महिला मानसिक रूप से कमजोर थी जो अपने घर के कचरा जलाने के लिए अपने बाड़ी गई थी, जहां आग लगाने के बीच उसके चपेट में आने से घटना स्थल में ही मौत हो गई। जिसका मर्ग कायम कर पीएम के लिए भेजा गया है। वहीं अवैध शराब का मामला आया है। जिसमें से एक ग्राम तरडा का है जहां देमती साव और महेन्द्र साव को ओड़िशा के पाउच वाली शराब के साथ पकड़ा गया है। वहीं ग्राम औरदा के तोरन साहू एवं संतोष साव को देशी शासकीय शराब के अवैध भडारण और उसके बेचने को लेकर कार्रवाई की गई है।

## सीएचसी तमनार में फल का वितरण

**तमनार।** केलो बनांचल बाहुल्य तहसील तमनार के स्व जयलाल चौधरी स्मृति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमनार में मंगलवार को समाज सेवक स्व. जयलाल चौधरी का 42 वां पुण्य तिथि के अवसर पर चौधरी परिवार मांझापारा सलिहाभांठा द्वारा सीएचसी में भर्ती मरीजो को फल व परिजनों एवं स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ को मिष्ठान वितरण किया गया। स्व. जयलाल चौधरी परोपकारी, धार्मिक व्यक्तित्व, दानशील, समाज सेवा, सलिहाभांठा में पाठशाला, तालाब, पचरी, मन्दिर, तमनार में मातृ सदन अस्पताल निर्माण अन्य समाज सेवा कार्यो की प्रशंसा कर पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। उल्लेखनीय है कि स्व जयलाल चौधरी मझापारा सलिहाभांठा का जन्म 1902 निधन 1984 में हुआ। इन्होंने मझापारा सलिहाभांठा में मन्दिर, प्राथमिक पाठशाला, तालाब, पचरी एवं तमनार में अस्पताल भवन का निर्माण कराए। अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय महासभा 1966 सलिहाभांठा में अध्यक्षता में विभिन्न विवादित प्रकरणों का निपटारा, अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र तमनार के प्रथम अध्यक्ष सन 1971 से 1976 तक विभिन्न सामाजिक कार्यो में सराहनीय योगदान रहा।

## 2 लैलूंगा, 4 घरघोड़ा और 9 को खरसिया में शिविर

**रायगढ़।** आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित पारदर्शी एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा श्प्रशासन पहुंचेगा जनता के द्वार अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 02 अप्रैल को लैलूंगा, 04 अप्रैल को घरघोड़ा एवं 09 अप्रैल को खरसिया में शिविर आयोजित होंगे। सभी शिविर संबंधित तहसील मुख्यालय प्रांगण में दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। पूर्व निर्धारित तिथियों में आवश्यक संशोधन करते हुए यह नया कार्यक्रम जारी किया गया है। शिविरों में आम नागरिक अपनी मांग, शिकायत, आवेदन एवं अन्य प्रकरण सीधे जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। प्रत्येक शिविर में जिला स्तरीय अधिकारियों, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है।

### प्रगतिरत निर्माण कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा करने निर्देश

# काम पूरे हुए तो दें प्रमाण पत्र, कलेक्टर ने दिया तीन दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत संचालित निर्माण एवं विकास कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने एजेंसियों एवं संबंधित विभागों से वर्षवार जानकारी लेते हुए कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने तथा गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2025-26 तक स्वीकृत, पूर्ण, अपूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों की अद्यतन स्थिति की विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि पूर्ण हो चुके कार्यों के पूर्णता प्रमाण पत्र तीन दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किए जाएं, ताकि अभिलेखों का संधारण व्यवस्थित रूप से किया जा सके। कलेक्टर ने पोर्टल में लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के लिए आवश्यक दस्तावेज एवं प्रमाण-पत्र समय पर अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण एजेंसियां एवं संबंधित विभाग इस कार्य को प्राथमिकता में रखते हुए लंबित औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण करें। बैठक के दौरान कलेक्टर ने एजेंसीवार एवं विभागवार कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समय पर पूर्ण होना सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर डीएफओ रायगढ़ अरविंद पीएम, जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो सहित विभिन्न निर्माण एजेंसियों एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक लेते कलेक्टर और उपस्थित अधिकारी।

### 19 लोगों का होगा ऑपरेशन

जिले के 19 वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए रायगढ़ से रायपुर स्थित एम्स के लिए रवाना किया गया। वरिष्ठ नागरिकों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से 22 जनवरी को आशा निकेतन वृद्धाश्रम, कौहाकुण्डा में विशेष जांच एवं चिन्हांकन शिविर आयोजित किया गया था। इस शिविर में डे केयर सेंटर सियान गुड़ी जतन केंद्र परिसर, आशा निकेतन वृद्धाश्रम तथा आर्य विद्या सभा सलखिया वृद्धाश्रम लैलूंगा सहित आसपास क्षेत्रों के वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विस्तृत जांच के बाद 19 वरिष्ठ नागरिकों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। चयनित सभी हितग्राहियों को आवश्यक सुविधाओं एवं समुचित देखरेख के साथ आशा निकेतन वृद्धाश्रम, कौहाकुण्डा से रायपुर एम्स के लिए रवाना किया गया।



## जेपीएल ने किया विश्व टीबी दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विश्व टीबी दिवस के अवसर पर मंगलवार 24 मार्च को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लिबरा में जिंदल फाउंडेशन जेपीएल तमनार द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में तमनार ब्लाक के टीबी के चिह्नांकित मरीजों को जेपीएल तमनार द्वारा पौष्टिक फूड बास्केट दिया गया। जिंदल फाउंडेशन जेपीएल तमनार शिक्षा स्वास्थ्य के साथ साथ सम्पूर्ण ग्रामीण विकास हेतु सीएसआर अंतर्गत कार्य कर रहा है टीबी मुक्त भारत अभियान में सहभागी रहे है तथा विगत तीन वर्षों में तमनार व घरघोड़ा ब्लॉक के समस्त टीबी मरीजो को फ़ूड बास्केट प्रदान कर रहे हैं जिसके लिए ज़िला व राज्य स्तर पर सम्मानित किए गए है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएचसी लिबरा के प्रभारी मेडिकल आफिसर डा. राजेश पटेल ने लोगों को टीबी से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है, यह खांसने, छिंकने, टीबी के मरीज द्वारा उपयोग किए जा रहे सामान का दूसरे व्यक्तियों द्वारा उपयोग करने पर फेलने वाली बीमारी है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को टीबी हो जाए तो घर के दूसरे सदस्यों को यह बीमारी न फैले इसके लिए जरूरी एहतियात घर के सभी सदस्यों को बरतनी चाहिए। डा. पटेल ने कहा कि टीबी के मरीज के लिए दवा के साथ ही पौष्टिक भोजन भी जरूरी है इसीलिए टीबी के मरीजों को पौष्टिक फूड बास्केट दिया जाता है। जेपीएल सीएसआर के एवीपी ऋषिकेश शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि जिंदल फाउंडेशन हमेशा से टीबी के मरीजों के उपचार के लिए पौष्टिक आहार का वितरण करता रहा है आगे भी इसके लिए काम किया जाएगा। सहायक महाप्रबंधक सीएसआर जेपीएल तमनार राजेश रावत ने बताया कि घरघोड़ा और तमनार ब्लाक के चिह्नांकित 80 मरीजों को जेपीएल तमनार के जिंदल फाउंडेशन द्वारा प्रति माह पौष्टिक फूड बास्केट स्वास्थ्य विभाग के नार्म्स के अनुसार दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जिंदल फाउंडेशन द्वारा घरघोड़ा और तमनार क्षेत्र को टीबी मुक्त करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में डा. हेमेंद्र साहू, सीएसआरसे नीतू सारस्वत, अस्पताल की स्टाफ नर्स तरूणा सैनी, स्टाफ नर्स नीलिमा पटेल और कामिनी गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## 136 छात्र ओपन स्कूल के परीक्षार्थी

**पुसौर।** पुसौर ब्लाक में ओपन स्कूल का परीक्षा केन्द्र शासकीय हायर सेकेडरी स्कूल पुसौर को ही शासन द्वारा मान्यता प्रदान किया गया है। जिसमें प्रतिवर्ष इस परीक्षा में सैकड़ों की संख्या में आकर यहां परीक्षा लिखते रहे हैं लेकिन इस वर्ष इसके संख्या में काफी कमी आई है जिसकी संख्या मात्र 136 बताया जाता है। जानकारी के मुताबिक 10वीं हाई स्कूल में 65 छात्र है और 12वी हायर सेकेण्डरी में 71 छात्र सम्मिलित हैं। यहां के प्राचार्य श्रीमती ए.केरकेट्टा के मुताबिक परीक्षा के लिए जितने छात्रों का पंजीयन हुआ था उसमें से कुछ छात्र नहीं आ रहे हैं। विज्ञान विषयों के परीक्षार्थियों का प्रेक्टिकल परीक्षा भी इसी बीच हो रहा है जो अब तक शांति पूर्ण ढंग से संचालित है। उक्त परीक्षा में परीक्षक के रूप में भंडार शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल से आए सुन्दरलाल सिदार द्वारा परीक्षार्थियों के सहज के साथ साथ कड़ा रूख अपनाते हुए परीक्षा को संपन्न कराने की ओर है।



## नामांकन रैली में शामिल हुए वित्त मंत्री

**रायगढ़।** असम राज्य के कलियाबोर में असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंता बिस्वा सरमा के साथ एनडी, प्रत्याशी केशव महंता के नामांकन रैली में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी शामिल हुए। ओपी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में असम में फिर से भाजपा सरकार बनाने के लिए सभी एकजुट होकर कार्यरत हैं। असम की जनता में भाजपा के प्रति जबरदस्त समर्थन की लहर है।



## कागजों में चमकता विकास ज़मीन पर हकीकत गायब

**बिलाईगढ़।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ संयुक्त जिला होने के बावजूद जहां सारंगढ़ में विकास की रफ्तार दिखाई देती है, वहीं बिलाईगढ़ में हालात इसके बिल्कुल उलट नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिलाईगढ़ अब विकास नहीं बल्कि भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं का केंद्र बन चुका है। कागजों में करोड़ों के विकास कार्य दर्ज हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में उनका अस्तित्व तक दिखाई नहीं देता। नगर पंचायत बिलाईगढ़ में पिछले एक वर्ष के दौरान कई योजनाओं में भारी अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। इनमें प्रमुख रूप से अटल परिसर निर्माण, नाला सफाई एवं गहरीकरण, पेवर ब्लॉक और गार्डन निर्माण, ठेकेदारों को अग्रिम भुगतान, प्लेसमेंट ठेका, बिना अनुमति शासकीय भूमि पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण, गौरव पथ निर्माण और ट्रांसफार्मर.पोल शिफ्टिंग, अधूरे सीसी रोड का अग्रिम भुगतान इन सभी कार्यों में 10 प्रतिशत काम 100 प्रतिशत भुगतान जैसी गंभीर गड़बड़ियों के आरोप लगाए जा रहे हैं।

सबसे बड़ा मामला 2 मार्च 2026 को सामने आया जब रमेश हार्डवेयर के नाम पर बिना सामग्री खरीदे ही 14 लाख 71 हजार 122 रुपए का भुगतान जल प्रदाय सामग्री के नाम पर कर दिया गया। इस मामले ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। स्थानीय प्रशासन के अधिकारी भी खुलकर कार्रवाई करने से बचते नजर आ रहे हैं। नागरिकों का आरोप है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वालों पर ही पुलिस कार्रवाई की जाती है। इससे आम जनता में भय और आक्रोश दोनों का माहौल बना हुआ है। एक ओर करोड़ों के भुगतान हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर बिलाईगढ़ में लोग पीने के पानी के लिए परेशान हैं। हालात यह हैं कि जलए विद्युत और सफाई विभाग के कर्मचारियों को मूल कार्यों से हटाकर अन्य कार्यों में लगाया जा रहा है जिससे मूलभूत सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। सालों से अधूरा पड़ा गौरव पथ निर्माण अब प्रशासनिक उदासीनता का प्रतीक बन चुका है। इसी रास्ते से अधिकारी और जनप्रतिनिधि गुजरते हैं, लेकिन निर्माण कार्य की सुध लेने वाला कोई नहीं।




## पानी टंकी तो बनी पर प्यासे को नहीं मिल रहा है पानी

**सारंगढ़।** जल जीवन मिशन योजना का उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है लेकिन जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनियाडीह में इस योजना की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। यहां लाखों की लागत से पानी टंकी का निर्माण तो कर दिया गया, लेकिन आज तक गांव के घरों तक पानी नहीं पहुंच पाया। नतीजतन ग्रामीण आज भी पीने के पानी के लिए दर दर भटकने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी टंकी सिर्फ दिखावे की वस्तु बनकर रह गई है। पाइपलाइन और सप्लाई व्यवस्था होने के बावजूद घरों में पानी नहीं पहुंचाया जा रहा। महिलाएं और बच्चे दूर दराज के स्रोतों से पानी लाने को मजबूर हैं जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि जिस सरकारी बोरवेल से गांव में पेयजल आपूर्ति होनी थी, उसी पानी का उपयोग सामाजिक भवन निर्माण कार्यों में किया जा रहा है। यह काम खुलेआम जारी है जिससे योजना के मूल उद्देश्य पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने सरपंच और सचिव पर मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाया है।

## बंजारी धाम में भक्तजनों का तांता, हर दिन भंडारा





**तमनार।** केलो बनांचल आदिवासी बाहुल्य ओद्योगिक क्षेत्र तमनार में चहुँओर चैत्र नवरात्रि की धूम है। जिले के प्रसिद्ध सर्वशक्तिपीठ माँ बंजारी धाम तराईमाल में हरदिन हजारो भक्तजनो का तांता लग रहा है। विशाल 3 दीपगृह में तेल व घृत मनोकामना ज्योति कलश में तमनार तहसील रायगढ़ ज़िला छत्तीसगढ़ मप्र बिहार, झारखण्ड, ओडिसा भारतवर्ष एवं विदेशो के विशिष्ट व्यक्तियों, प्रशासनिक अधिकारी, औद्योगिक प्रबन्धन ग्रामीणजनों सहित हजारो श्रद्धालुओ द्वारा दीप प्रज्वलित की गई है।

भक्तजनो के लिए पूजा अर्चना दर्शन, प्रसाद पानी पार्किंग हर दिन भोजन भंडारा की बेहतर व्यवस्था का हरसम्भव प्रयास किया जा रहा है। कीर्तन भजन पार्टियों द्वारा भजन जगराता से पूरा माहौल भक्तिमय है। हर दिन प्रातः काल से ही सैकड़ो भक्तजनो द्वारा पूजा अर्चना कर अपने परिवार क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना की जा रही है। दीप गृह में श्रद्धा आस्था मनोकामना के हजारो दीप प्रज्वलित किया गया है। माँ बंजारी समिति द्वारा सभी भक्तजनो के लिए पूजा अर्चना, प्रसाद, पानी पार्किंग की बेहतर व्यवस्था की गई है। हर दिन दोपहर 12.30 बजे व संध्याकालीन आरती के बाद 8 बजे से 6-7 हजार आगंतुक श्रद्धालु भक्तगणभोग भंडारा ग्रहण करते है। माँ बंजारी धाम परिसर में भारत मानचित्रयुक्त जलाशय में हजारो रंगीन मछलिया, माँ बंजारी सरोवर, विशाल 4 दीप गृह, अखण्ड यज्ञ शाला, हनुमान मंदिर, शिव मंदिर, लक्ष्मीनारायण, राधाकृष्ण, रामदरबार एवं सर्व देवी देवताओं के दर्शन, मीना बाजार, बाल उद्यान, केलो नदी से लगा हुआ वनांचल प्राकृतिक मनोरम दृश्य का हजारो पर्यटक श्रद्धालुभक्तगण आनन्द उठाते है। 26 मार्च को अष्टमी पूजा व 27 मार्च को सामुहिक हवन पूजन महाभण्डारा होगी बंजारी मंदिर समिति द्वारा दीप प्रज्जवलन पूजा पाठ महाआरती सामूहिक हवन पूजन कन्या भोज विशाल महाभंडार में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य की भागीदार बनने की आग्रह की गई है।

## अब तक 172 किया गया सीटीटी ऑपरेशन

**कटेली।** जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और परिवार कल्याण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गई है। अस्पताल में संचालित सीटीटी महिला नसबंदी ऑपरेशन अभियान के अंतर्गत अब तक कुल 173 सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि 23 दिसंबर से प्रारंभ हुए इन ऑपरेशनों को सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. राकेश साहू एवं उनकी प्रशिक्षित ओटी टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया है। डॉ. साहू के अनुभव और ओटी स्टाफ की तत्परता के कारण ही इतनी कम अवधि में 173 महिलाओं का सुरक्षित ऑपरेशन संभव हो सका है। सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल ने बताया कि जिला चिकित्सालय में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। सीटीटी ऑपरेशन की यह संख्या अस्पताल के प्रति आम जन के बढ़ते विश्वास को दर्शाती है।

## आयुष अस्पताल में उपचार से मरीजों को मिली नई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बदलते दौर में लोग मधुमेह डायबिटीज उच्च रक्तचाप बीपी सर्वाइकल पेन, स्पोंडिलाइटिस, माइग्रेन, एलर्जी, मोटापा, एनीमिया, बाल झड़ना, तनाव और पाचन संबंधी समस्याओं जैसी अनेक बीमारियों से जूझ रहे हैं। ऐसे समय में आयुर्वेद एक बार फिर भरोसे का मजबूत आधार बनकर उभर रहा है। छत्तीसगढ़ शासन के आयुष विभाग द्वारा रायगढ़ जिले के आयुष अस्पतालों में जटिल से जटिल रोगों का निःशुल्क और प्रभावी उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे कई मरीजों का जीवन फिर से सामान्य और खुशहाल हो रहा है।

इस सफलता के पीछे आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी लोईग में पदस्थ डॉ. माकेश्वरी संभाकर जोशी प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, आयुष केंद्र लोईग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके मार्गदर्शन और सतत देखरेख में इन मरीजों का उपचार किया गया, जहां औषधियों के साथ साथ आहार विहार और दिनचर्या पर विशेष ध्यान दिया गया। जानकारी के अभाव में जहां कई लोग महंगे इलाज में समय और पैसा गंवा देते हैं, वहीं जागरूक मरीज आयुर्वेद के इस निःशुल्क उपचार का लाभ लेकर बेहतर स्वास्थ्य की ओर लौट रहे हैं। ऐसे ही छह मरीजों की कहानियां आज उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आई हैं।

इस संबंध में प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी लोईग के डॉ. माकेश्वरी संभाकर जोशी ने कहा कि आयुर्वेद केवल रोग का उपचार नहीं बल्कि जीवनशैली को संतुलित करने की एक संपूर्ण पद्धति है। यदि मरीज नियमित रूप से आहार विहार और चिकित्सकीय परामर्श का पालन करें, तो जटिल से जटिल रोगों में भी सकारात्मक परिणाम मिलते हैं। आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध है, जिसका अधिक से अधिक लोगों को लाभ लेना चाहिए।



## कोसीर में मनाया गया उप तहसील स्थापना दिवस

**कोसीर।** सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े और तात्कालिक जिला कलेक्टर भीम सिंह की उपस्थिति में कोसीर उप तहसील कार्यालय का उदघाटन हुआ। कोसीर उप तहसील के अंतर्गत 26 ग्राम पंचायतें 12 पटवारी हल्का नंबर और 41 गांवो शामिल हैं। वर्तमान में नव सृजित जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला का प्रमुख गांव है। उप तहसील बनने के बाद अंचल को बहुत सारी सुविधाएं मिल रही है। वही किसानों एविद्यार्थियों को भी लाभ पहुंचा है। यहां वर्तमान में और भी अमूल चूल परिवर्तन की आवश्यकताएं है जो राजस्व का सीधा लाभ अंचल को मिलेगा। वहीं अंचल के अधिवक्ताओं को अपने नजदीक में उप तहसील मिलने से उन्हें खुशी हुई। उप तहसील के 05 वें स्थापना दिवस पर सारंगढ़ अंचल के अधिवक्ता पोलेश्वर कुमार बनज ने स्थापना दिवस को लेकर अंचल वासियों को बधाई दिए हैं। कोसीर उप तहसील की जिम्मेदारी वर्तमान में तहसीलदार शनि पैकरा सम्हाल रहे हैं पूर्व में आर ध्रुव, रॉकी एक्का, वंदे राम भगत,आयुष तिवारी, अर्पण कुर्रे, रूपाली मेश्राम, पूनम तिवारी प्रकाश पटेल, मनीष सूर्यवंशी, खेमन लाल ध्रुव अपनी सेवाएं उप तहसील में दिए हैं।






